# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / 1557
दिनांक : 13.10.21

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि भविष्य में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश में आने वाली शिक्षक भर्ती को दृष्टिगत रखते हुऐ **जिन छात्रों की बी0एड0 परीक्षा (कालबाधित को छोड़कर) वर्ष 2018, 2019 व 2020 की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणोंवश छूट गई है।** ऐसे सभी छात्र विश्वविद्यालय परिसर स्थित इण्डियन बैंक में वर्ष–2018 हेतु रू0 4500 / –, वर्ष–2019 हेतु रू0 3000 / – तथा वर्ष–2020 हेतु रू0 1500 / – शुल्क जमा कराकर निम्नलिखित निर्धारित प्रारूप पर अपना प्रत्यावेदन महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर अंकतालिका की छाया प्रति संलग्न कर दिनांक 21.10.2021 तक गोपनीय विभाग के खिड़की संख्या–40 पर जमा कराना सुनिश्चित करें। **उक्त के अतिरिक्त ऐसे छात्र / छात्रा जो बी0एड0 की विशेष परीक्षा फरवरी–2021 में भूतपूर्व विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित हुए हैं** उनकी भी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा दिनांक 27.10.2021 से 30.10.2021 के मध्य परीक्षा केन्द्र–एन0ए0एस0 कॉलेज, मेरठ पर सम्पन्न कराई जायेगी जिसकी सूचना पृथक से परीक्षा केन्द्र–एन0ए0एस0 कॉलेज, मेरठ द्वारा अपने महाविद्यालय की वेबसाइट www.nascollege.org पर अपलोड कर दी जायेगी। छात्रों से अपेक्षा है कि उक्त वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

नोट– 1. **वर्ष 2018 की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।**

2. **बी0एड0 की विशेष परीक्षा फरवरी–2021 में भूतपूर्व विद्यार्थी के रूप सम्मिलित छात्र / छात्राओं को शुल्क व आवेदन पत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**

### प्रारूप

| परीक्षार्थी का नाम | पिता का नाम | अनुक्रमांक | नामांकन संख्या | वर्ष | पेपर कोड संख्या | मोबाईल नम्बर | ईमेल पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

13.10.2021
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को प्रति–कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
3. संकायाध्यक्ष, शिक्षा चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
4. प्राचार्य / विभागाध्यक्ष, एन0ए0एस0 कॉलेज, मेरठ को सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक को कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक व महोदय के सूचनार्थ।
6. प्रभारी, वेबसाईट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
7. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा कुलसचिव (गोपनीय)

D:/Office Puneet/Office Pad/515